


## यज्ञ पूजा महामहोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में

**उदयपुर।** मीरा नगर, मैग्नस हॉस्पिटल के समीप प्रांगण में 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक आयोजित होने जा रहे दिव्यातिदिव्य श्री महालक्ष्मी कोटि कुंकुमार्चन यज्ञ पूजा महा महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। कृष्णगिरी पीठाधीश्वर पूज्यपाद जगद्गुरु श्री वसन्त विजयानन्द गिरीजी महाराज के सान्निध्य में होने जा रहे अब तक के सबसे बड़े धर्म अध्यात्म के महोत्सव में शामिल होने श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्सुकता है। महोत्सव आरम्भ होने के पहले चरण में पूज्यपाद गुरुदेव की तप, साधना, प्रवचन का दौर जारी है। महोत्सव आयोजन की कार्यकारिणी समिति के मंत्री मुकेश चेलावत- उद्योगपति, कोषाध्यक्ष रितेश नाहर ने बताया कि जैसे जैसे महोत्सव आरंभ होने की तिथि समीप आ रही है, इसमें शामिल होने दूरदराज से आगन्तुक श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला शुरू हो गया है। यज्ञ, हवन पूजा में शामिल होने और महोत्सव में विभिन्न सेवाएं देने के लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। गौरतलब है कि महामहोत्सव लगभग साढ़े 4 लाख वर्गफीट परिक्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। सुविकसित किये गए महोत्सव प्रांगण में प्रवेश के लिए विशाल मुख्य द्वार, 3 छोटे द्वार, 4० हजार वर्गफीट का विशाल कथा पांडाल, 4० हजार वर्गफीट का भोजन पांडाल, 21 कुंडीय सुंदर यज्ञ शाला, साधना पंडाल, करीब 1 लाख वर्गफीट पार्किंग आदि का निर्माण किया जा चुका है।

# युवा स्वतंत्रता सेनानियों से साहस की प्रेरणा लेने की जरूरत : प्रो. सारंगदेवोत

■ वीर बाल दिवस पर धर्म की रक्षा हेतु अपना बलिदान देने वाले बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह की शहादत दिवस पर नमन किया

**उदयपुर।** जो दृढ राखे धर्म को, तेहि राखे करतार ... धर्म की रक्षा हेतु अपना बलिदान देने वाले वीर साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह की शहादत दिवस पर शुक्रवार को राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति सचिवालय के सभागार में आयोजित पुष्पांजलि सभा व संगोष्ठी में कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत, विधि महाविद्यालय डीन प्रो. आनंद पालीवाल, पुर्व कुलपति एवं राज्यपाल सलाहकार प्रो. कैलाश सोडाणी, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंह राठौड ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि 7 वर्ष की उम्र में हँसते – हँसत देश समाज के लिए अपने आप को न्यौछार कर दिया।

उन्होंने कहा कि औरंगजेब के शासनकाल के दौरान इस्लाम कबूल न करने वालों की हत्या कर दी जाती थी, औरंगजेब का सामना जब गुरू गोविंद सिंह जी के बेटे जोरावर सिंह, फतेह सिंह से हुआ तो उन्होंने इसका जम कर विरोध किया, जिस पर उन्हें जिंदा ही दीवार में चुनवा दिया गया, उस समय इनकी उम्र मात्र 9 और 6 वर्ष थी। इस अवसर पर पीजीडीन प्रो. जीएम मेहता, प्रो. मलय पानेरी, डॉ. युवराज सिंह राठौड, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, डॉ. मनीष श्रीमाली, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, जितेन्द्र सिंह चौहान, मुर्तजा अली, डॉ. संजय चौधरी सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# कलेक्टर की क्लास से रोमांचित हुए विधि विद्यार्थी

**बांसवाड़ा।** विधि विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहना है वरन् समाज के कमजोर वर्गों को कानून की सहायता प्रदान करना और विधिक जागरूकता फैलाना है।

इसके लिए नैतिक आचरण अपनाते हुए अदालतीं प्रक्रिया में सक्रिय होकर व्यावहारिक कौशल विकसित करें ताकि वे भविष्य में सक्षम, निष्पक्ष और सामाजिक रूप से जिम्मेदार वकील बनकर न्याय प्रणाली में योगदान दे सके। उक्त आव्हान जिला कलेक्टर एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद के अध्यक्ष डॉ इंद्रजीत यादव ने राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपल्क्ष में डॉ नागेंद्र सिंह विधि महाविद्यालय में जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद् की और से आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि पद से किया। उन्होंने कहा कि तन्मयता से ज्ञान अर्जित करते हुए नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने की राह चुननी होगी। डॉ यादव ने कहा कि समय का सदुपयोग और समाज के प्रति अपनी भूमिका को समझना समय की मांग है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे कड़ी मेहनत, अनुशासन, ईमानदारी और देश के विकास में योगदान देने के भाव जागृत करें उन्होंने साक्ष्य, तर्कों की प्रस्तुति और मूल्यांकन को प्रभावी परिणाम प्राप्त करने का सूत्र बताया। डॉ यादव की लगभग 1 घंटे से अधिक की क्लास में विद्यार्थियों से ऐसा संवाद किया कि हर कोई अचंभित और अभीभूत नजर आया। उन्होंने उपभोक्ता कानून में आने वाले विभागों की भी जानकारी दी, विद्यार्थियों ने रोमांचित होते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया। जिला रसद अधिकारी ने खरीददारी के वक्त बरती जाने वाली सावधानियों के बारें में जानकारी दी। वहीं खाद्य सामग्री खरीद के दौरान छपे रंगो के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर साईबर शाखा के धनज्य ने डिजिटल युग में पग–पग पर सावधानी बरतनें की जरूरत बताई। सेवाविनृत प्रधानाचार्य एवं विधि विद्यार्थी कन्हैयालाल मकवाना, अश्विनी कुमार परनामी, अपूर्वा जैन ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जागरूकता प्रतियोगिता के विजेता हर्ष जैन, चन्द्रेश दमामी, अंकित यादव, रितु मीणा, रचित त्रिवेदी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिजिटल न्याय के माध्यम से कुशल और त्वरीत निपटान विषयक पोस्टर का विमोचन किया गया। संचालन जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद् सदस्य दीपक श्रीमाल जबकि आभार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह ने माना।

## तुलसी पूजन के साथ गौ-सम्मान का आव्हान

**डूंगरपुर।** गंगेश्वर महिला भजन ग्रुप प्रगति नगर के साथ गंगेश्वर महादेव मंदिर में गौ–सम्मान आव्हान अभियान, समिति द्वारा तुलसी पूजन कार्यक्रम संपन्न करते हुए तुलसी महारानी ओर भोले नाथ की आरती प्रसाद के साथ गौ सम्मान आव्हान अभियान के महत्व ओर उसके उद्देश्य को लेकर कार्यक्रम प्रमुख मांगी लाल जी कुम्हार ओर पूर्व एसडीएम शांतिलाल जैन के सानिध्य में बैठक की गई। गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने और गौ हत्या पर प्रतिबंध लगाने के लिए पूरे भारत में संचालित हो रहे राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आव्हान अभियान की आवश्यकता ओर भारत सरकार को 27 अप्रैल को दिए जाने वाले ज्ञापन पर चर्चा की गई। महिला भजन ग्रुप से डॉ.अदिति गोठी और भजन ग्रुप संयोजिका अंशुमाला पंचाल ने भी अपने विचार सांझा किए। महिला भजन ग्रुप द्वारा अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम से लोगों की जोडने ओर बैठकें करने का प्रयास करने का आश्वाशन दिया। इसके पश्चात इसी क्रम में समिति द्वारा शिवाजी नगर माताजी मंदिर में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा के साथ तुलसी पूजन कार्यक्रम के साथ गौ सम्मान आव्हान अभियान की बैठक की गई। इस अवसर पर दिनेश श्रीमाल, धनेश्वर, सुभाष रोट,सहित प्रगति नगर शिवाजी नगर कॉलोनी निवासी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियां प्रारंभ

■ मण्डल से बस्ती स्तर तक होंगे आयोजन

**डूंगरपुर।** हिंदू समाज की त्याग, तपस्या, सेवा और साधना की परंपरा से प्रेरित होकर वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को सुदृढ करने के उद्देश्य से प्रत्येक मण्डल एवं नगर की बस्तियों में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। समाज में सांस्कृतिक चेतना,सामाजिक समरसता एवं आध्यात्मिक जागरण को और अधिक मजबूत करने के लिए इन सम्मेलनों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। सम्मेलनों को भव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु 18 जनवरी से 8 फरवरी के मध्य विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन का आयोजन विभाग, जिला, खंड, मण्डल, ग्राम एवं बस्ती स्तर तक किया जाएगा। मण्डल स्तर पर सम्मेलन 5 जनवरी को तथा ग्राम स्तर पर 14 जनवरी को प्रस्तावित हैं। इन आयोजनों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को जोडने का प्रयास किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों के लिए विभिन्न टोलियों का गठन किया जाएगा। जिनका दायरा खंड स्तर से लेकर मण्डल, बस्ती एवं उपबस्ती स्तर तक रहेगा।

## किचन गार्डन प्रशिक्षण का आयोजन

**डूंगरपुर।** ऋचा संस्था एवं उद्यान कृषि विभाग, डूंगरपुर के संयुक्त तत्वावधान में सीमलवाडा ब्लॉक की हडमतिया ग्राम पंचायत में किसानों एवं ग्रामीण महिलाओं के लिए एक दिवसीय सब्जी उत्पादन एवं किचन गार्डन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में एएओ सेवानिवृत्त लालसिंह चौहान ने सब्जी नर्सरी, रेज बेड, बीज रोपण एवं किचन गार्डन की व्यावहारिक विधियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर कृषि पर्यवेक्षक अरविंद लबाना ने विभिन्न कृषि व उद्यानिकी योजनाओं, सब्सिडी, वर्मी कम्पोस्टिंग एवं जैविक खेती पर प्रकाश डाला। परियोजना समन्वयक भावेश जोशी ने किसानों की आजीविका सशक्तिकरण पर जोर दिया।

# 181 यात्रियों का दल श्रीसम्मेद शिखर यात्रा के लिए रवाना

**डूंगरपुर।** श्री बीसा हुमड दिगम्बर जैन समाज के 181 यात्रियों का दल शुक्रवार प्रातः 4.15 बजे जैन धर्म के शाश्वत तीर्थ श्रीसम्मेद शिखर की 1० दिवसीय यात्रा के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा का आयोजन समाज की युवा शाखा श्री दिगम्बर जैन संस्थान द्वारा किया जा रहा है।

जैन संस्थान के अध्यक्ष नीरव जैन ने बताया कि इस यात्रा में 112 सदस्य डूंगरपुर से अपनी यात्रा प्रारंभ करेंगे जबकि शेष यात्री उदयपुर से संघ में जुडेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा में पांच दिवसीय कार्यक्रम श्री सम्मेद शिखर में आयोजित किए जावेगी जबकि शेष दिवसों में पांच तीर्थ की वंदना का आयोजन किया जाएगा।

संस्थान के सचिव अभिषेक कोटडिया ने बताया कि जाते समय संपूर्ण यात्रा रेल मार्ग से होगी जबकि वापसी हवाई मार्ग से की जावेगी। इस अवसर पर एक संक्षिप्त कार्यक्रम में श्री बीसा हुमड दिगम्बर जैन समाज की और से सभी यात्रियों का तिलक एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया एवं सुखद यात्रा हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम को समाज के अध्यक्ष दिगपाल गांधी,उपाध्यक्ष हेमंत बी जैन,जैन संस्थान के अध्यक्ष नीरव जैन,समाज के पूर्व सचिव सुदर्शन जैन ने संबोधित कर सभी यात्रियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

इस अवसर पर समाज की और से संजय गांधी, प्रकाश जैन, भूपेंद्र जैन, अभय वोरा, प्रदीप कोटडिया, पंकज कोटडिया, कीर्ति गांधी, विजय कोटडिया एवं समाज के कई अन्य प्रबुद्धजन एवं मातृ शक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में समाज के सह सचिव सुनील गांधी ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी समाज जन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एसीबी ने सजग ग्राम योजना कार्यक्रम का आयोजन किया

**उदयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों राजस्थान जयपुर के महानिदेशक गोविंद्र गुप्ता एवं उप महानिरीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों उदयपुर रेंज रामेश्वरसिंह के निर्देशानुसार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों राजस्थान की सजग ग्राम योजना एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के अर्न्तगत 26 दिसंबर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों उदयपुर एवं ब्यूरों की सभी टीम की मौजूदगी में राजस्थ्व ग्राम टीडी में सजग ग्राम योजना एवं बडगांव में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत भवन टीडी एवं ग्राम पंचायत ीावन बडगांव पर आयोजित कार्यक्रम में सीानीय विभागीय पुलिस, प्रशासनिक एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण, ग्राम पंचायतों के प्रशासक, जनप्रतिनिधी, सीएलजी सदस्यों एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों एवं सेवानिवृत्त अधिकरीगणों ने भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद व्यक्तियों को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों राजस्थान की सजग ग्राम योजना एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में अवगत कराते हुए टीडी एवं बडगांव को भ्रष्टाचार मुक्त बनाये जाने के सम्बन्ध में आव्हान किया। इसके लिए एसीबी प्रदेश के टोल फ्रीनं. 1064, वॉट्सएस हेल्प लाईन नम्बर 9413502834 एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों उदयपुर के मोबाईल नं. 9829250721 की जानकारी देते हुए सभी को सरकारी कार्यो में किसी भी विभाग द्वारा रिश्वत की मांग किये जाने पर अविलम्ब शिकायत दर्ज कराने, शिकायत देकर, परिवाद देने एवं उनके नाम गोपनीय रखने जाने के संबंध में अवगत कराया।

## समग्र माली समाज की डूंगरपुर-बांसवाडा की खेलकूद प्रतियोगिता

**डूंगरपुर।** समग्र माली समाज डूंगरपुर–बांसवाडा की खेलकूद सांस्कृतिक एवं स्नेहमिलन कार्यक्रम उल्लास 2०25 का दूसरा दिन रोमांच से भरा रहा। क्रिकेट प्रतियोगिता में फाइनल मैच छप्पन,वर्सेज भगोरेशवर के बीच खेला गया जिसमे छप्पन टीम विजेता रही। मेन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी पियूष माली पिण्डावल को समाज अध्यक्ष लक्ष्मीकांत माली ने अपने हाथों से प्रदान की खेल प्रभारी बापूलाल माली एवं हेमेंद्र माली ने दूसरे चरण में होने वाले वॉलीबाल के मेचो की टाइस सभी ग्यारह टीमों के कप्तान व खिलाडियों के समक्ष की। इस अवसर पर समाज के वयोंवृद्ध संरक्षक नानूराम माली भगोरेश्वर चोखले से जगदीश माली सागवाडा चोखले से नानूलाल हितेश मयूर एवं नरेश माली वेलजी माली एवं अमृतलाल माली गलियाकोट चोखले से आकाश एवं सोमा माली, विजय, भरत, विनोद माली, बांसवाडा चोखले से मीठालाल माली, सुरेश माली, नंदकिशोर माली, छप्पन चोखले से सूरजमल माली,रघुनाथ माली, लक्ष्मण माली धनपाल माली एवं डूंगरपुर मेजबान चोखले से राजेंद्र माली राजू कांतिलाल माली हीरालाल माली रमेश रघुनाथ माली सत्यनारायण माली धर्मेंद्र माली दीपक रघुनाथ माली लक्ष्मीलाल मगनजी माली दिनेश कांतिलाल माली मुकेश रमण माली आदि के साथ भारी संख्या में माता एवं बहने उपस्थित रही। वॉलीबॉल का पहला उद्घाटन मैच बांसवाडा एवं गलियाकोट के बिच खेला गया।

# जिला कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न

**डूंगरपुर।** राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद उप प्राचार्य रेसा वीपी की जिला कार्यकारिणी के चुनाव प्रदेशाध्यक्ष विजयपाल धुवाँ के निर्देशन में मुख्य अतिथि अजय जैन उपप्राचार्य डाइट डूंगरपुर, चुनाव अधिकारी हिमांशु शर्मा प्रधानाचार्य एवं चुनाव पर्यवेक्षक रितेश कुमार पंड्या,प्रदेश प्रवक्ता रेसा वीपी की उपस्थिति में डाइट परिसर में संपन्न हुए।

जिला संयोजक दिलीप परमार एवं सहसंयोजक नानालाल पारगी ने बताया कि रेसा वीपी के चुनाव में जिला अध्यक्ष विशाल पाटीदार,जिला मंत्री डॉ. सुनील पंड्या, जिला महिला मंत्री नीलम यादव, जिला सभाध्यक्ष बनवारी लाल पाटीदार, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप परमार, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण लाल खोखरिया, जिला संयुक्त मंत्री मनीष परमार, जिला संगठन मंत्री डायालाल पाटीदार, जिला उपकोषाध्यक्ष मदन मेहता, जिला उप सभा अध्यक्ष नानालाल पारगी,जिला प्रवक्ता जयदीप लोधावरा, जिला कार्यालय मंत्री गोविंदलाल ननोमा, जिला विधि एवं तकनीकी मंत्री जय प्रकाश पाटीदार एवं जिला संरक्षक हिमांशु शर्मा, प्रवीण सुथारए चिराग भट्ट को मनोनीत किया गया। उप प्राचार्य डाइट अजय जैन ने बताया कि तीनों संगठनों की एक संयुक्त वर्किंग कमेटी जिसमें 1०.1० सदस्य तीनों संगठनों के हो जिसमें रेसा पीए रेसा वीपी एवं रेसला की संयुक्त कमेटी द्वारा संगठन को दिशा निर्देश और सही दिशा देने हेतु बनाया जाए। प्रदेश प्रवक्ता रितेश कुमार पंड्या ने बताया कि उप प्राचार्य का जॉब चार्ट अनुसार विद्यालय के अधिकांश कार्यों के संपादन में उप प्राचार्य का महत्वपूर्ण योगदान है। उप प्राचार्य विनय कुमार चौबीसा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2०2० के प्रावधान अनुसार उप प्राचार्य की विद्यालय प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका है। चुनाव अधिकारी हिमांशु शर्मा एवं चुनाव पर्यवेक्षक रितेश कुमार पंड्या ने मनोनीत कार्यकारिणी का तिलकए माला एवं साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। तत्पश्चात स्नेहभोज का आयोजन किया। चुनाव कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता रितेश कुमार पंड्या व आभार जिला संयोजक दिलीप परमार ने व्यक्त किया।

## संयुक्त महासंघ के चुनाव 28 को

**डूंगरपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला डूंगरपुर का जिला महासमिति अधिवेशन 28 दिसंबर को प्रातः 11 बजे पंचायत समिति डूंगरपुर सभागार में रखा गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलध्यक्ष धनेश्वर पंड्या करेंगे। पर्यवेक्षक हेमन्त पालीवाल जिलाध्यक्ष महासंघ उदयपुर तथा चुनाव अधिकारी लक्ष्मण यादव पूर्व प्रधानाचार्य ओर सहायक विकास अधिकारी श्याम सुन्दर पाटीदार होंगे। जानकारी देते हुए महामंत्री हेमंत खराडी ने बताया कि इस कार्यक्रम में सम्बंद्ध घटक संगठनों के जिला अध्यक्ष जिला मंत्री व तृतीय प्रतिनिधि सदस्य भाग लेंगे।अधिवेशन में पिछले वर्षो के कार्य की समीक्षा एवं भविष्य की कार्य योजना पर विचार विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष व नवीन जिला कार्यकारिणी का चुनाव भी किया जाएगा। महासंघ ने सम्बंद्ध सगठनों के पदाधिकारियों से कार्यक्रम में भागीदारी करने का आ ान किया। जिला कांग्रेस कमेटी के भवन में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मीलाल काका के सानिध्य में मनाने हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा डॉ.मनमोहन सिंह तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये गए। गोष्ठी में पूर्व सांसद एवं एआईसीसी सचिव ताराचंद भगोरा,पूर्व राज्य मंत्री असरार अहमद खान, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रियकांत पंडया, पूर्व नगर अध्यक्ष रोशन दोषी, जिला महासचिव नारायण पंडया, जिला उपाध्यक्ष बंशीलाल साद,ब्लॉक अध्यक्ष डूंगरपुर लक्ष्मण साद, वरिष्ठ नेता मनोहर कंसारा, जिला सचिव मस्तुक मलिक, केवल राम कोटेड, दशरथ ननोमा आदि उपस्थित रहे।

# तीर्थयात्री रामेश्वरम–मदुरई के लिए रवाना हुए

■ निशुल्क तीर्थ यात्रा 2025 के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों की ट्रेन शुक्रवार को डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई

**उदयपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही निशुल्क तीर्थ यात्रा 2025 के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों की ट्रेन शुक्रवार को डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होकर राणा प्रताप नगर उदयपुर होकर रामेश्वरम–मदुरई के लिए रवाना हुई।

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा ट्रेन 504 वरिष्ठ नागरिकों को डूंगरपुर से प्रातः 10 बजे लेकर रवाना हुई एवं उदयपुर के राणा प्रताप नगर रेलवे स्टेशन 11.45 पहुंची। उदयपुर स्टेशन पर उदयपुर, राजसमंद जिले के 476 वरिष्ठ नागरिक सवार हुए। राणा प्रताप नगर स्टेशन पर निरीक्षक शिवराज सिंह राठौड़ एवं प्रबंधक सुमित्रा सिंह, नितिन नागर के नेतृत्व में देवस्थान विभाग के कार्मिकों द्वारा वरिष्ठ नागरिको के आवेदन पत्र जांच कर टिकट आवंटन का कार्य किया गया। यह ट्रेन 28 दिसंबर को रामेश्वरम पहुंचेगी एवं रामेश्वरम के बाद मीनाक्षी मंदिर मदुरई के दर्शन करवाए जाएंगे। ट्रेन 2 जनवरी को पुनः उदयपुर, डूंगरपुर लौटेगी। इस वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा ट्रेन में 980 यात्री एवं एक ट्रेन प्रभारी राजपत्रित अधिकारी, मेडिकल टीम, अनुरक्षक सहित 30 का स्टाफ कुल 1010 यात्री यात्रा कर रहे है। समस्त वरिष्ठ जनों को ट्रेन में चाय नाश्ता, खाना, गंतव्य स्थान पर पहुंचने पर रहने दर्शन करने सहित समस्त सुविधाएं राज्य सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य सरकार द्वारा प्रथम बार समस्त वरिष्ठ जनों के लिए एसी ट्रेन की व्यवस्था की गई है इससे पूर्व नॉन एसी ट्रेन संचालित होती थी। ट्रेन प्रभारी राजेंद्र कुमार को बनाया गया है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 50 हजार वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा करवाने का लक्ष्य तय किया है एवं अब तक 29 हजार वरिष्ठ तीर्थ यात्रियों को यात्रा करवाई जा चुकी है।

## विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग

**भीलवाड़ा( निसं )।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने प्रदेश की अराजपत्रित पदों की भर्ती प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण सुधार की मांग करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखा है। विधायक कोठारी ने अराजपत्रित पदों की भर्ती में स्थानीय जिले के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने का पुरजोर समर्थन करते हुए सुझाव दिया है कि पटवारी, कनिष्ठ लिपिक, अध्यापक, ठााम विकास अधिकारी, नर्सिंगकर्मी और वनकर्मी इत्यादि पदों पर होने वाली भर्तियों में 80 प्रतिशत पद स्थानीय जिले के निवासियों के लिए आरक्षित किए जाएं, एवं शेष 20 प्रतिशत पद अन्य जिलों के आवेदकों के लिए रखे जाएं। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि वर्तमान व्यवस्था में अन्य जिलों के अभ्यर्थी नियुक्त तो हो जाते हैं।

## सार-समाचार

### डाइट की मासिक बैठक आयोजित

**उदयपुर।** डाइट पंचांग की वार्षिक कार्ययोजना में संस्थान के योजना एवं प्रबंधन प्रभाग की अनुमोदित गतिविधि के तहत आयोजित मासिक बैठक शुक्रवार को डाइट के टैगोर हॉल में संपन्न हुई। डाइट प्रधानाचार्य शीला काहाल्या की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संस्थान के सेवापूर्व प्रशिक्षण, कार्यानुभव, पीएंडएम, ईटी तथा पाठ्यचर्या, सामग्री विकास एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा पंचांग के तहत संपादित गतिविधियों से संबंधित प्रगति की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा की गई। डाइट प्रधानाचार्य शीला काहाल्या ने बताया कि बैठक में प्रधानाचार्य द्वारा डीडीएमसी के प्रस्तावित लंबित कार्यों के शीघ्र निष्पादन एवं शेष रही समस्त कार्यक्रम गतिविधियों को आगमी माह के द्वितीय तक पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में व्यय बिलों के भुगतान, स्टोर, ई फाइल, प्रकाशन कार्य, आईसीटी लैब, आदि पर चर्चा की गई। साथ ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत आगामी दिनों में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा प्रस्तावित विजिट के तहत आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रभागाध्यक्ष डॉ मृदुला तिवारी, उप प्राचार्य डॉ. बृजबाला शर्मा, प्रभागाध्यक्ष बीना कंवर राजपूत, तेजपाल जैन, मंजू टाक सहित प्रभारी डॉ. जगदीश कुमावत, त्रिभुवन चौबीसा, हरिदत्त शर्मा, गिरीश चौबीसा, सुनील विश्नोई, दीपक सेन, कल्पना दीक्षित, रक्षा नागर, खुशबू साँदू, चिराग सैनानी आदि उपस्थित रहें।

### हिन्दू सम्मेलन की तैयारी

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष मे पूरे भारत वर्ष मे समाज जागरण के कार्य किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला संपर्क प्रमुख पवन जैन ने बताया कि इसी क्रम मे आगामी माह मे पूरे भारत मे लगभग 1 लाख हिन्दू सम्मेलन आयोजित होने है इसीक्रम में तैयारी को लेकर डूंगरपुर संघ कार्यालय मे नगर की बडी बैठक विभाग प्रचारक विकासराज के सानिध्य में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिले के जिला संघचालक योगेंद्र शर्मा ने की तथा बैठक मे डूंगरपुर नगर मे बस्ती के अनुसार आगामी माह मे 18 जनवरी से 8 फरवरी तक लगभग 1० बडे हिन्दू सम्मेलन सर्व हिन्दू समाज के सनिध्य मे आयोजित किया जाएंगे। इसी क्रम मे नगर मे हिन्दू सम्मेलन को आयोजित करने हेतु भूपेन्द्र पालीवाल को संयोजक तथा हिमांशु भावसार को सह संयोजक नियुक्त किया गया है तथा इनके साथ मे संघ के वरिष्ट 1० मुख्य कार्यकता सहयोगी रहेंगे तथा सभी 1० बस्तियों मे इस आयोजन हेतु कार्य समितिया बनाई गई है और इनकी आगामी 5 जनवरी तह बस्ती अनुसार बैठक होंगी और उस बैठक मे आयोजन समितिया बनाई जाएंगी तथा बस्ती के अनुसार आयोजिय किए जाने वाले हिन्दू सम्मेलन की रूपरेखा तय की जाएगी और सभी हिन्दू समाजों के सहयोग लेकर विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएंगे।

### हिमानी को पीएचडी की उपाधि

**डूंगरपुर।** शहर के भोईवाडा निवासी हिमानी पति मयंक भोई पिता बसंतलाल भोई को मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के 33 वें दीक्षांत समारोह में भौतिक विज्ञान के पर्यावरणीय अनुकूल सोल जेल प्रक्रिया से संश्लेषित कुछ नैनो क्रिस्टलाइन बहु कार्यात्मक ऑक्साइड के संरचनात्मक प्रकाशीय और चुंबकीय गुणों का अध्ययन् विषय पर शोध कार्य के लिए महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। हिमानी ने अपना शोध कार्य प्रो.सुधीश कुमार के निर्देशन में पूर्ण किया।

### जलापूर्ति रहेगी बाधित

**उदयपुर।** झाडोल जीएसएस के शटडाउन के कारण शहर के कुछ इलाकों में शनिवार को होने वाली जलापूर्ति बाधित रहेगी। जलदाय विभाग के नगर उपखण्ड सप्तम की सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय ने बताया कि प्रेम डेरी, सरस्वती हॉस्पिटल, छोटी पिपली, बड़ी पिपली, धर्मराज कॉलोनी, सौदागर हाउस इत्यादि क्षेत्रों में जलापूर्ति एक दिन आगे बढाई गई है। इसी प्रकार नगर उपखण्ड पंचम के कोर्ट टंकी एवं छींपा कॉलोनी टंकी से जुडे क्षेत्रों में शनिवार दोपहर एवं छींपा कॉलोनी, एकलव्य कॉलोनी एवं सज्जन नगर टंकी से रविवार प्रातः होने वाली जलापूर्ति एक दिन आगे बढ़ाई गई है।

### राज्यपाल उदयपुर जाएंगे

**उदयपुर, 26 दिसंबर।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे 28 दिसंबर को अपरान्ह 12:35 बजे राजकीय हैलीकॉप्टर द्वारा चित्तौड़गढ़ से महाराणा प्रताप एयरपोर्ट, डबोक आएंगे। आगमन पश्चात् तत्काल ही राजकीय वायुयान द्वारा औरंगाबाद (छत्रपति शंभाजी नगर) हेतु प्रस्थान करेंगे।

### बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

**बिजयनगर, ( निसं )।** बांग्लादेश में सता परिवर्तन के बाद बांग्लादेश में रह रहे हिंदू अल्पसंख्यकों के साथ इस्लामी जिहादी गतिविधियां निरंतर बढ़ती जा रही है। बांग्लादेश में हिंदू प्रताड़ना की वीभत्स घटनाओं के विरोध में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में विवेकानंद सर्किल पर विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंक कर आक्रोश जताया। बांग्लादेश का पूरा प्रशासन और समाज हिंसक और बर्बर इस्लामी जिहादी तत्वों के हिंदू विरोधी नंगे नाच पर मौन साधे हुए है और उनकी निष्क्रियता से उन्हें प्रोत्साहित ही कर रहे हैं। अल्पसंख्यकों के मानवीय अधिकारों का ऐसा खुला हनन किसी भी सभ्य समाज में मानवता के विरुद्ध गंभीर अपराध है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा देशव्यापी धरना प्रदर्शन आयोजन किया जा रहा है शुक्रवार को बिजयनगर प्रखंड में बांग्लादेश जिहादी मानसिकता का पुतला फूंक कर आक्रोश जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष धनराज कावड़िया प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार जोशी एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अनिल शर्मा हनुमान लोहार रामदेव लोहार और भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अमित मोदी गोविंद बैरवा एवं भारत विकास परिषद मातृशक्ति इंदु बाला प्रियंका देवकी तोलानी चंद्रकांत शर्मा सहित हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

### संगम अभियान के तहत होगा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

**ब्यावर ( निसं )।** ब्रह्माकुमारीज के समाज सेवा प्रभाग एवं भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में पूरे भारत देश में वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटीज़न्स) के सम्मान के लिए संगम अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के उद्देश्य है कि सीनियर सिटीजन के महत्व के बारे में समाज एवं परिवार में जागरूकता लाना, उनकी प्रतिभा को सामने लाने के लिए प्रेरित करना, एक प्लेटफार्म बनाना ताकि वे आध्यात्मिक एवं भावनात्मक आत्म उत्थान में सक्रिय रूप से हिस्सा ले सके।

### कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर ( राज. )

क्रमांक: F7() B.PLAN/MISC/2025-26/2051 **आम–सूचना** दिनांक: 24.12.2025

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां(Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/ योजना | खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती शिल्पा माहेश्वरी पत्नी श्री रमेशचन्द्र बहेडिया | एकलिंगपुरा | 144 | 01 | 1963.00 वर्गफीट | प्रतापनगर-बलीचा बाईपास से कलड़वास गांव को जाने वाली 80 फीट सड़क अनआर्थोडॉक्स सोल्यूशन प्राइवट के सामने स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**